पंजाब केसरी 13/02/2023




रैली निकालने के दौरान लोगों को जागरूकतका का पाठ पढ़ाती छात्राएं।

# शिविर में स्वयंसेवकों को स्वामी दयानंद सरस्वती की दृष्टि एवं मान्यताओं से परिचित करवाया

अम्बाला छावनी, 12 फरवरी (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कालेज की एन.एस.एस. यूनिट द्वारा खुड्डा कलां में चलाए जा रहे 7 दिवसीय शिविर के चौथे दिन का आरम्भ विभिन्न प्रकार के योग से हुआ। आरंभ के सत्र में डा. धर्मवीर सैनी ने स्वयंसेवकों को स्वामी दयानंद सरस्वती की दृष्टि एवं मान्यताओं से परिचित करवाया।

उन्होंने कहा स्वामी दयानंद प्रत्येक भारतीय युवा के लिए प्रेरणा एवं ऊर्जा के अक्षय स्त्रोत है।

कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि शिविर के आरंभ में ही हमारे स्वयं सेवकों को महापुरुषों के चरित्र पर विस्तार से बताकर उनमें राष्ट्रप्रेम की भावना को बीजा जाता है। उन्होंने बताया कि हमारे स्वयंसेवकों ने गांव में नशा मुक्ति अभियान चलाया और गांव के लोगों को नशे से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में बताया।

डा. अनीश ने बताया हमारे स्वयंसेवक भारत को नशा मुक्त बनाने के लिए संकल्पित है, वे जन-जन को जागरूक कर रहे हैं। डा. सरोज ने बताया कि स्वयंसेवकों ने गांव के लोगों को शपथ दिलाई कि वह नशा मुक्त गांव बनाएंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए कई उदाहरण एक स्थायी उदाहरण बनेंगे।